शिपकी ला से चीन के लिए सीमा व्यापार शुरू

- मंत्री जगत नेगी ने 16 व्यापारियों का पहला दल किया रवाना
- गुड़, चावल, चायपत्ती, चीनी और अनाज लेकर गए व्यापारी

संवाद सहयोगी, जागरण • रिकांगपिओ : हिमाचल के किन्नौर जिले में स्थित शिपकी ला से चीन के लिए सीमा व्यापार शनिवार को करीब छह साल बाद औपचारिक रूप से शुरू हो गया। राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने सीमा व्यापार को शुरू करवाकर 16 स्थानीय व्यापारियों के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर चीन अधिकृत तिब्बत के लिए रवाना किया।

पहले दल में शामिल सभी 16 व्यापारी किन्नौर जिले के नमज्ञा, डुबलिंग और लियो गांव से हैं। व्यापारी अपने साथ गुड़, चावल, चायपत्ती, चीनी, कारपेट, स्थानीय अनाज तथा बिस्कुट सहित विभिन्न वस्तुएं व्यापार के लिए लेकर गए हैं। प्रशासन के अनुसार सभी व्यापारियों की सुरक्षा जांच और पूर्ववृत्त सत्यापन की प्रक्रिया पहले ही पूरी कर ली थी तथा निर्धारित नियमों के तहत उन्हें 72 घंटे के भीतर लौटना होगा। जगत सिंह नेगी ने एक करोड़ 70 लाख रुपये से बने आधुनिक ट्रेड मार्ट का भी उद्घाटन किया। पूह व्यापार मंडल अध्यक्ष हिशे नेगी ने मांग उठाई कि आयात-निर्यात वस्तुओं का दायरा बढ़ाया जाए। नेगी ने आश्वासन दिया कि वह मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू के समक्ष यह प्रस्ताव रखेंगे।

किन्नौर जिले में स्थित शिपकी ला से चीन के लिए सीमा व्यापार को हरी झंडी दिखाकर शुरू करते राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी। • फोटो, डीपीआरओ

राजस्व मंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2019 से बंद पड़ा यह व्यापार दोबारा शुरू होना सीमावर्ती क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे स्थानीय व्यापार, रोजगार, परिवहन और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। उन्होंने सीमा व्यापार को फिर शुरू करने के लिए केंद्र सरकार का आभार भी जताया।

भारत से चीन को 36 प्रकार की वस्तुओं के निर्यात तथा चीन से भारत में 20 प्रकार की वस्तुओं के आयात की अनुमति प्रदान की गई है। हालांकि अधिसूचित सूची में घोड़े, बकरियां और भेड़ जैसे जीवित पशुओं का भी उल्लेख है, लेकिन किन्नौर में क्वारंटीन सेंटर नहीं होने के कारण इस सत्र में उनका व्यापार संभव नहीं होगा। प्रशासन ने वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत क्वारंटीन सेंटर स्थापित करने का प्रस्ताव भेजा है। इस मौके पर उपायुक्त किन्नौर डा. अमित कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार शर्मा, एडीएम पूह रविंदर ठाकुर सहित ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

छोटे किसानों को भी मिलेगा एचपी-शिवा परियोजना का लाभ

हिमाचल सरकार ने दी बड़ी राहत • परियोजना में बदलाव कर 60 बीघा क्लस्टर की शर्त हटाई

यादवेंद्र शर्मा • जागरण

शिमला : एशियन विकास बैंक (एडीबी) की 1300 करोड़ रुपये की हिमाचल प्रदेश उपोष्ण कटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्य संवर्धन (एचपी-शिवा) परियोजना में प्रदेश सरकार ने बड़ा बदलाव करते हुए क्लस्टर गठन के लिए 60 बीघा भूमि की अनिवार्य शर्त समाप्त कर दी है। इस फैसले से अब छोटे और सीमांत किसान भी परियोजना का लाभ उठाकर आधुनिक बागवानी से जुड़ सकेंगे और उनकी आय बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

3,000 हेक्टेयर नए क्षेत्र का विस्तार कर उच्च दाम वाले फलों को महत्व दिया जाएगा। परियोजना के दूसरे चरण में ब्लूबेरी, ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो, मैकाडामिया नट और कीवी जैसी उच्च मूल्य वाली फलदार फसलों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त आम, संतरा, मालटा सहित अन्य फलों के उच्च घनत्व वाले पौधे लगाए जाएंगे।

एचपी-शिवा परियोजना सात जिलों बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, सिरमौर, सोलन और ऊना में लागू है। इसके तहत ड्रिप एवं माइक्रो सिंचाई, जल संरक्षण ढांचे का विकास, भूमि सुधार, फेंसिंग, तकनीकी प्रशिक्षण और मूल्य संवर्धन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। परियोजना की अवधि हाल ही में दो वर्ष बढ़ाई गई है, जिससे अधिक किसानों को इससे जोड़ने और बागवानी क्षेत्र के विस्तार का रास्ता साफ हुआ है। परियोजना का उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती से उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों की ओर प्रोत्साहित करना है। इसके लिए आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री और सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बागवानी विभाग के सचिव सी पाल रासु ने बताया कि अब छोटे किसानों को भी परियोजना का लाभ मिल सकेगा।

1,300 करोड़ की एडीबी समर्थित योजना के दूसरे चरण में मिलेगा लाभ

3,000 नए हेक्टेयर क्षेत्र का विस्तार कर उच्च दाम वाले फलों को महत्व

7 जिलों में सिंचाई, जल संरक्षण फेंसिंग व मूल्य संवर्धन के साथ बागवानी का विस्तार भी होगा

मंडी मध्यस्थता योजना में खरीदे सेब का सप्ताह में होगा भुगतान

शिमला : प्रदेश के सेब बागवानों को राहत देते हुए एचपीएमसी ने मंडी मध्यस्थता योजना (एमआइएस) के तहत खरीदे सेब का भुगतान एक सप्ताह के भीतर जारी करने का फैसला लिया है। अब 100 बोरी तक सी ग्रेड सेब बेचने वाले पात्र बागवानों के खातों में डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से राशि भेजी जाएगी। करीब 45 हजार बागवान हैं जिनका राशि दी जानी है। वित्त विभाग से मिले 19.50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि से भुगतान के लिए बैंक खातों सहित अन्य जानकारी ली जा रही है। भुगतान प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। पहले चरण में 30 बोरी तक सेब बेचने वाले करीब 12 हजार छोटे और सीमांत बागवानों के खातों में भुगतान किया जा चुका है। अब दूसरे चरण में 100 बोरी तक एमआइएस के तहत सी ग्रेड सेब बेचने वाले पात्र बागवानों को सीधे उनके बैंक खातों में राशि भेजी जाएगी। लाभार्थियों का डाटा जांच कर तैयार किया है और डीबीटी प्रक्रिया पूरी होते ही एक सप्ताह के भीतर भुगतान कर दिया जाएगा। एमआइएस भुगतान के लिए सरकार पहले ही 33 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है। अब 19.50 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि मिलने से लंबे समय से लंबित भुगतान का रास्ता साफ हो गया है। पिछले सीजन में सरकार ने एमआइएस के तहत सह ग्रेड सेब को 12 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से खरीदा।

30 बोरी तक सेब बेचने वाले 12 हजार बागवानों को किया जा चुका भुगतान

100 बोरी तक सेब बेचने वाले बागवानों के बैंक खातों में भेजी जाएगी राशि

डीबीटी से राशि सीधे बागवानों के बैंक खातों में पहुंचेगी। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और भुगतान में अनावश्यक देरी की संभावना भी समाप्त होगी।

- सी पाल रासु, सचिव बागवानी विभाग।

एक नजर में

कार्रवाई न की तो बस आपरेटर करेंगे आंदोलन

शिमला : आइएसबीटी चंबा में एचआरटीसी और न्यू प्रेम बस सेवा के कर्मचारियों के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। हिमाचल प्रदेश निजी बस आपरेटर संघ ने इस मामले में एचआरटीसी प्रबंधन से निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। संघ ने चेतावनी दी कि यदि सात दिन के भीतर जांच पूरी कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की तो प्रदेशभर के निजी बस आपरेटर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। (संवा)

पूर्व थल सेनाध्यक्ष के निधन पर शोक जताया

शिमला : मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने पूर्व थल सेनाध्यक्ष जनरल वीएन शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। कहा कि जनरल शर्मा उत्कृष्ट, दूरदर्शी सैन्य नायक और सच्चे राष्ट्रभक्त थे, जिन्होंने अदम्य साहस, समर्पण और उत्कृष्टता के साथ राष्ट्र सेवा की। (संवा)

नौणी विवि ने बदला फीस वृद्धि का फैसला, अब 20% बढ़ोतरी

छात्रों को मिली राहत, पहले 52 से 62 प्रतिशत तक बढ़ाई थी फीस

जागरण प्रभाव

- दैनिक जागरण ने प्रमुखता से उठाया था दोगुनी से अधिक फीस बढ़ोतरी का मुद्दा
- विश्वविद्यालय ने स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की फीस में भारी बढ़ोतरी की थी

जागरण संवाददाता, सोलन : डा. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी (सोलन) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए फीस वृद्धि के फैसले में बड़ा बदलाव किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहले जारी की गई 52 से 62 प्रतिशत तक की फीस वृद्धि को लगभग वापस लेते हुए अब नए विद्यार्थियों के लिए फीस बढ़ोतरी को केवल 20 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है। वहीं पहले से अध्ययनरत विद्यार्थियों को बढ़ी हुई फीस नहीं देनी होगी।

27 जुलाई को विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना में स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों की फीस में भारी बढ़ोतरी की गई थी। दैनिक जागरण ने छात्रों के भविष्य से जुड़े इस मुद्दे को प्राथमिकता के साथ 30 जुलाई के अंक में प्रकाशित किया था। दो दिन बाद ही विश्वविद्यालय प्रबंधन ने फैसला बदल दिया है। इस फैसले से छात्रों और अभिभावकों को राहत मिली है। इस फैसले से छात्रों को प्रति सेमेस्टर हजारों रुपये की राहत मिलेगी। नए सत्र में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ पहले की तुलना में काफी कम रहेगा।

नौणी विश्वविद्यालय में अब देनी होगी दोगुनी से अधिक फीस

इस शैक्षणिक सत्र से 52 से 62 प्रतिशत तक फीस बढ़ाई

- स्नातक (ऑनर्स), बीएससी (ऑनर्स) और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की फीस बढ़ाई गई
- अधिसूचना में पीएचडी, एमएससी और एमवीएससी पाठ्यक्रमों का उल्लेख नहीं
- विश्वविद्यालय ने पहले 52 से 62 प्रतिशत तक फीस बढ़ाई थी, जिसे अब घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है

दैनिक जागरण के अंक में प्रकाशित खबर।

फीस में यह आया अंतर

कोर्स	पहले	वृद्धि के बाद	अब
यूजी	43350	68700	49500
सेल्फ फाइनांस (यूजी)	83350	127200	99990
मास्टर डिग्री	47550	87000	55000
सेल्फ फाइनांस (पीजी)	87550	142000	105000

(फीस प्रति सेमेस्टर है)

विश्वविद्यालय छात्र हित के लिए काम करता है। नए दाखिले होने वाले छात्रों को अब कुछ अधिक फीस जमा नहीं करनी होगी। अब आंशिक बढ़ोतरी की गई है। विवि छात्रों की पढ़ाई के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। - डा. हरमिंद्र सिंह बवेजा, कुलपति, डा. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विवि नौणी।

चंबा के प्रभावित क्षेत्र ओबड़ी पहुंचे अग्निहोत्री, 50 लाख की सहायता का दिया आश्वासन

संवाद सहयोगी, जागरण • चंबा : अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने चंबा प्रवास के दौरान विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर करीब 23 करोड़ रुपये की पेयजल, सिंचाई व अग्निशमन से जुड़ी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें चंबा शहर की अग्निशमन व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण कार्य, ब्लाथ सिंचाई योजना भाला-टिपरी-चलेरा का शिलान्यास और ब्लाथ सिंचाई योजना साहो के पुनर्निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इसके अलावा पेयजल योजना साच-परेल-सुल्तानपुर का उद्घाटन किया। उन्होंने एचआरटीसी के अधिकारियों से कहा कि जहां जनता बस सेवा की मांग कर रही है, वहां प्राथमिकता के आधार पर बसें चलाएं। इसके बाद उन्होंने ओबड़ी में आई आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मिलकर उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र में पुनर्वास कार्यों के लिए 50 लाख रुपये की विशेष सहायता राशि देने की भी घोषणा की।



मुकेश अग्निहोत्री • जागरण आर्काइव

भाजपा विधायकों सहित उपमुख्यमंत्री व मंत्रियों के फोन हो रहे टैप : जयराम

जागरण संवाददाता, शिमला : नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि सरकार भाजपा विधायकों से लेकर उपमुख्यमंत्री व मंत्रियों के फोन टैप करवा रही है। मुख्यमंत्री पीएसओ के माध्यम से इनकी जानकारी जुटा रहे हैं। जयराम ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री राजनीतिक बदले के लिए भाजपा अध्यक्ष से लेकर विधायकों व पूर्व विधायकों पर मामले दर्ज कर रहे हैं। सत्ता में आते ही पहली बैठक में सभी केस रद होंगे। उन्होंने अधिकारियों को भी चेतावनी दी।

जयराम ने दावा किया कि रजनी पाटिल की हाईकमान को सौंपी रिपोर्ट भी मुख्यमंत्री के कार्यों के खिलाफ है। इसमें बोला है कि कार्य का तरीका बदलें, नहीं तो नेतृत्व बदलना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार के पौने चार साल के कार्यकाल में विकास और जनकल्याण के बजाय राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति को बढ़ावा दिया गया है। कांग्रेस सरकार बनने के बाद सबसे पहले विभिन्न संस्थानों और विकास कार्यों को बंद करने की शुरुआत की गई। अब जब पंचायत और स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों से जनता का रुख स्पष्ट हो रहा है तो सरकार विरोधियों पर मामले दर्ज करवाकर उन्हें डराने का प्रयास कर रही है। जयराम ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल, पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, विधायक सुधीर शर्मा, आशीष शर्मा, पूर्व विधायक होशियार सिंह, राजेंद्र राणा सहित अन्य नेताओं के नाम लेते हुए कहा कि सरकार एजेंसियों और प्रशासन का इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रही है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विपक्ष और लोकतांत्रिक संस्थाओं को दबाने का प्रयास जारी रहा तो जनता इसका जवाब चुनाव में देगी। सत्ता परिवर्तन के बाद कानून के दायरे में रहकर ऐसे मामलों की समीक्षा की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। उनके साथ पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, संजय सूद, कर्ण नंदा, रमा ठाकुर उपस्थित रहे।

जयराम ठाकुर • जागरण आर्काइव

- कहा, मुख्यमंत्री पीएसओ के माध्यम से जुटा रहे हैं जानकारी
- भाजपा विधायकों और नेताओं पर करते से बनाए जा रहे मामले
- सत्ता में आते पहली बैठक में रद्द होंगे केस, अधिकारी चेताए

अतिरिक्त प्रभार देकर चलाई जा रही सरकार

जयराम ने आरोप लगाया कि प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित हुई है। नियमित नियुक्तियों के बजाय अतिरिक्त प्रभार के सहारे शासन चलाया जा रहा है, जिससे निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। अधिकारियों पर राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है और ईमानदारी से काम करने वाले अधिकारियों के लिए अनुकूल माहौल नहीं बचा है।

क्लासीफाइड

आवश्यकता

AGM HR @ Lucknow SHOBHIT Group 10+ years' experience, handling 600+ employees, grievance redressal. Apply: sapna@shobhitmediworld.com www.shobhitmediworld.com

सूचना

I, Nishant Sharma (34Yrs.) S/o Sanjay Kumar R/o Nagar Panchayat, P.O. & Teh. Shahpur, Distt. Kangra (H.P.) declare that my son's name wrongly entered in his birth certificate as Laksh Sharma. Whereas his correct name is Lakshiv Sharma. All concerned note.

मैं, स्वर्णी देवी पत्नी संसार चंद निवासी वार्ड नंबर 04, गांव व डाकघर समूर कलां तहसील व जिला ऊना (हि.प्र.) घोषणा करती हूँ कि मेरे आधार कार्ड संख्या 250965726195 में मेरा नाम जुटिवश सर्वानी देवी अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम स्वर्णी देवी है। सभी संबंधित नोट करें।

चिकित्सा

शादी से पहले या शादी के बाद

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है आज ही इलाज करा लेना

मिले या फोन पर परामर्श लें

Dr. Hashmi

स्थापित 1929 hashmi.com

हाशमी दवाखाना

अस्तोर-UP

8272800800

8899787114

नाम परिवर्तन

मैं, रोहित ठाकुर, पुत्र बलदेव सिंह (पूर्व सैनिक नंबर 2493938X, रैंक L/NK, यूनिट 3 पंजाब, रेजिमेंट: पंजाब रेजिमेंट सेंटर रामगढ़ रांची C/O 56 APO), निवासी गाँव देवनाल (कालग्राम), डा0 सेहली, तहा0 कोटली, जिला मंडी, हि.प्र यह घोषणा करता हूँ कि मैंने मंडी, हि.प्र में नोटरी पब्लिक के समक्ष दिनांक 28/07/2026 को शपथ-पत्र के माध्यम से अपना नाम 'रोहित' से बदलकर 'रोहित ठाकुर' कर लिया है। मेरी सही जन्म तिथि 19/11/2007 है। संबंधित इसे नोट करें।

पंचायत प्रतिनिधियों को अगस्त के पहले सप्ताह मिलेगा मानदेय

राज्य बूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल की पंचायती राज संस्थाओं के 31,182 नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पहला मानदेय अगस्त के पहले सप्ताह में जारी किया जाएगा। यह भुगतान 27 जून से 31 जुलाई तक की अवधि के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया जाएगा। लाभार्थियों में 3,748 पंचायत प्रधान और उपप्रधान भी शामिल हैं। पंचायत स्तर से लेकर जिला परिषद तक के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों के खातों में पहली बार मानदेय की राशि भेजी जाएगी। चलते मानदेय पर होने वाला वार्षिक खर्च भी 129.81 करोड़ रुपये से बढ़कर 136.30 करोड़ रुपये हो जाएगा।

नीट अभ्यर्थियों के घर पहुंचेगी महिला मोर्चा पदाधिकारी

जागरण संवाददाता, शिमला : हिमाचल में भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी नीट-2026 के अभ्यर्थियों के घर दस्तक देंगी। इसकी शुरुआत अगले सप्ताह से होगी। इस दौरान वर्ष 2026 में नीट उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। महिला मोर्चा पदाधिकारी नीट अभ्यर्थियों व उनके परिवार के लोगों से बातचीत करेंगी। उनकी समस्याएं सुनेंगी व सुझाव लेंगी, जो भी फीडबैक मिलेगा उसे राष्ट्रीय नेतृत्व से साझा किया जाएगा। भाजपा यह पहल दिल्ली में हुए प्रदर्शन के बाद जेन-जी को साधने के लिए कर रही है।



- उत्तीर्ण नीट अभ्यर्थी किए जाएंगे सम्मानित जेन-जी को साधने की पहल
- भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी, विधायक व पूर्व प्रत्याशी भी रहेंगे मौजूद

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने बताया कि राज्य में इसे भाजपा के साथ मिलकर मोर्चा चला रहा है। इसकी सूची के आकलन का काम किया जा रहा है। इसी आधार पर प्रदेशभर में इसे किया जाना प्रस्तावित है। महिला मोर्चा की पदाधिकारी और कार्यकर्ता छात्रों की शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर और भविष्य से जुड़े अनुभव, सुझाव और समस्याओं को सुनेंगी।

महिला मोर्चा के साथ स्थानीय विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी, मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहेंगे। भाजपा का मानना है कि नई पीढ़ी की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को समझना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से महिला मोर्चा केंद्र सरकार की युवा, शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी छात्रों और उनके अभिभावकों को देगा।

युवाओं के बीच संवाद बढ़ाकर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। महिला मोर्चा उनकी उपलब्धियों की सराहना करेगा और अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा। पार्टी का मानना है कि कठिन प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समाज में सकारात्मक संदेश देगा।

ऊना बल्क ड्रग पार्क के लिए केंद्र से 1000 करोड़ मंजूर : अनुराग

जागरण संवाद केंद्र, हमीरपुर : ऊना जिले के हरोली में विकसित किए जा रहे बल्क ड्रग पार्क के लिए केंद्र सरकार ने 1000 करोड़ रुपये की ग्रांट-इन-एड स्वीकृत की है। यह जानकारी हमीरपुर के फंसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में पूछे गए अतारांकित प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय ने दी है। मंत्रालय के अनुसार परियोजना की कुल अनुमानित लागत 1923 करोड़ रुपये है। इसके तहत साझा आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए पांच एमएलडी क्षमता का जीरो लिक्विड डिस्चार्ज आधारित कामन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट भी स्थापित होगा।

परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी मिल चुकी है और पहले चरण में 800 एकड़ क्षेत्र में कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यह परियोजना हिमाचल प्रदेश को देश के प्रमुख औषधि विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ससे प्रदेश में आठ से 10 हजार करोड़ रुपये तक निवेश आने की संभावना है, जबकि 15 से 20 हजार युवाओं के लिए प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।



अनुराग ठाकुर • जागरण आर्काइव

केएनएच से स्त्री रोग विभाग स्थानांतरण पर वनी समिति

जागरण संवाददाता, शिमला : सरकार ने कमला नेहरू अस्पताल (केएनएच) शिमला से प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग को आइजीएमसी शिमला स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव की व्यापक एवं तकनीकी समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय तकनीकी समिति का गठन किया है। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार समिति विभाग को आइजीएमसी में स्थानांतरित करने से जुड़े सभी तकनीकी, प्रशासनिक और चिकित्सा पहलुओं का परीक्षण करेगी। विभाग को वर्तमान स्थान पर ही बनाए रखने की स्थिति में होने वाले प्रभावों का भी अध्ययन किया जाएगा। समिति रिपोर्ट और सिफारिशें सरकार को सौंपेगी।

जागरण ऐप

हर खबर. हर अपडेट.

ई-पेपर ब्रेकिंग न्यूज़ लोकल न्यूज़ ऑफलाइन रीडिंग वीडियो शॉर्ट्स हेल्थ और लाइफस्टाइल

अभी डाउनलोड करें

कल्याण सिंह अति विशिष्ट कैंसर संस्थान

सी०जी० सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ-226002

उत्तर प्रदेश सरकार का स्वायत्तशासी संस्थान

Website: www.cancerinstitute.edu.in, Email: procurementservices.kssscl@gmail.com

CAMC of Modular OT at KSSSCI

यह सूचित किया जाता है कि GeM पोर्टल पर Customized AMC/CMC for Pre-owned Products श्रेणी के अंतर्गत KSSSCI के CAMC of Modular Operation Theatre कार्य हेतु निविदा संख्या GEM/2026/B/7858998 दिनांक 31-07-2026 अपलोड कर दी गई है।

1. इस निविदा के लिए बीमा जमानत (Insurance Surety), अकाउंट पेयी (Account Payee), सावधि जमा रसीद (FDR), बैंकर्स चेक (Banker's Cheque) अथवा बैंक गारंटी (Bank Guarantee) के माध्यम से जमा की गई धरोहर राशि (EMD) भौतिक रूप में स्वीकार की जाएगी तथा इस निविदा हेतु वैध मानी जाएगी। तथापि, उक्त EMD से संबंधित UTR संख्या एवं उसकी स्क्रीन की गई प्रति GeM पोर्टल पर इस निविदा के साथ अनिवार्य रूप से अपलोड की जानी होगी।

2. चूंकि प्लेटफार्म के माध्यम से दिनांक 04.08.2026 को प्रातः 11 बजे प्री बिड मीटिंग आयोजित की जायेगी, सभी इच्छुक निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वह ऑनलाइन प्री बिड मीटिंग में प्रतिभाग करने हेतु लिंक प्राप्त करने के लिए ई-मेल आईडी procurementservices.kssscl@gmail.com पर अपने ईमेल एड्रेस बराबरित करने का कष्ट करें।

निविदा दस्तावेज संस्थान की वेबसाइट cancerinstitute.edu.in पर उपलब्ध है।

Advt.no.KSSSCI/Tender-12/2026-27 निविदाएं

पंजाब नैशनल बैंक भरोसे का प्रतीक। punjab national bank ...the name you can BANK upon! एआरएमबी: सोलन शांडिल निवास, दि माल रोड, सोलन-173213 ई-मेल cs8318@pnb.bank.in

अचल/चल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों को साथ पढ़ते हुए प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता तथा विशेष तौर पर ऋणियों व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सिक्योर्ड क्रेडिटर को मोर्टगेज्ड/भारित निम्न वर्णित अचल संपत्तियों का बैंक/सिक्योर्ड क्रेडिटर के अधिकृत अधिकारी द्वारा सरचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा ग्रहण किया गया है, जिसकी संबंधित ऋणियों एवं गारंटरों से बैंक/सिक्योर्ड क्रेडिटर की निम्न देय राशि की वसूली हेतु निम्न वर्णित तालिका में वर्णित अनुसार विधि पर "जैसी है जहा है" तथा "जो है जैसा है" आधार पर बिक्री की जाएगी। आरक्षित कीमत व धरोहर राशि संबंधित सपत्तियों के अंतर्गत निम्न तालिका में वर्णित अनुसार होगी।

लोट सं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता, खाता	सिक्योर्ड परिसंपत्तियों की अनुसूची / मोर्टगेज्ड अचल संपत्तियों का विवरण/स्वामी का नाम (संपत्तियों के मोर्टगेजर)	ए) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 2) के अधीन मांग सूचना की तिथि बी) कब्जा ले ग्रहि सी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 4) के अधीन कब्जे की तिथि डी) कब्जे की प्रकृति- (प्रतीकात्मक/भौतिक)	ए) आरक्षित कीमत बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि	ईं-नीलामी की तिथि/समय सिक्योर्ड क्रेडिटर्स को ज्ञात भारों का विवरण
1.	बीओ: काला अम्ब (450300) मेसर्स हिल ब्यू डिस्टिलरी एण्ड बॉटलिंग प्लांट	मौजा उप सभदा शमशेरपुर तहसील पावटा साहिब जिला सिरमौर हिप्र. में मां रेनुका एसेंसिड्स के समीप स्थित खाता खतौनी सं. 92 मिन/191 खसरा सं. 529 माप 61.75 वर्ग मीटर पर भूमि और भवन (टुकडांद)	ए) 10.01.2019 बी) रु. 298,74,095.89 (केवल दो करोड़ छेआनवे लाख चौहत्तर हजार पचानवे रुपये एव नवासी पैसे) तथा लागू अनुसार ब्याज और अन्य प्रभारों के साथ सी) प्रतीकात्मक कब्जा:10.01.2019 एव भौतिक कब्जा: 12.09.2019 डी) भौतिक कब्जा	ए) रु. 44.50 लाख बी) रु. 4.50 लाख सी) रु. 0.50 लाख	24.08.2026 को प्रातः 11.00 बजे से प्रातः 04.00 बजे तक ज्ञात नहीं
2.	बीओ: काला अम्ब (450300) मेसर्स शिव पॉलीपाईप्स	राजस्व गांव वराडा, एचबी सं. 203, तहसील वराडा, जिला अम्बाला, हरियाणा में स्थित खेवट सं. 1365, खतौनी सं. 1754, खसरा सं. 76/14 (8-0), कुल भूमि माप 08 कनाल में से 3/160 किस्से के तौर पर माप 00 कनाल 08 मरला में सम्मिलित भूमि और निर्मित स्टूक्चर, श्रीमती सुरिंदर बाला पत्नी श्री अनिल कुमार द्वारा स्वामित्व।	ए) 15.01.2018 बी) 18.05.2023 को रु. 197,11,151.94 (केवल एक करोड़ सतानवे लाख ग्यारह हजार एक सौ इक्यावन रुपये एव चौरानवे पैसे) तथा लागू अनुसार ब्याज और अन्य प्रभारों के साथ सी) प्रतीकात्मक कब्जा:19.07.2018 एव भौतिक कब्जा: 12.09.2019 डी) भौतिक कब्जा	ए) रु. 29.70 लाख बी) रु. 2.97 लाख सी) रु. 0.50 लाख	24.08.2026 को प्रातः 11.00 बजे से प्रातः 04.00 बजे तक ज्ञात नहीं

ऋणी: 1. शिव पॉलीपाईप गाव खेडी, त्रिलोकपुर रोड, समीप मस्जिद, काला अम्ब, तहसील नाहन, जिला सिरमौर, हिप्र, 173030, 2. श्रीमती सुरजीत कौर पत्नी श्री जसविंदर सिंह मकान स. 9, गाव मौजागढ तहसील वराडा, जिला अम्बाला, हरियाणा पिन-133201, 3. श्री विवेक कुमार पुत्र श्री अनिल कुमार समीप 66केवी सब स्टेशन, बीपीओ वराडा, जिला अम्बाला, हरियाणा पिन 133201, गारंटर: 4. सुरिंदर बाला पत्नी श्री अनिल कुमार समीप 66 केवी सब स्टेशन, बीपीओ वराडा जिला अम्बाला, हरियाणा पिन 133201, 5. जसविंदर सिंह पुत्र श्री हरनाम सिंह मकान स. 9, गाव मौजागढ तहसील वराडा, जिला अम्बाला, हरियाणा पिन-133201

नियम एवं शर्तें: बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्दिष्ट नियम एवं शर्तों तथा निम्नलिखित आगामी शर्तों का विषय होगी:- 1. संपत्तियां "जैसी है जहां है" तथा "जो है जैसा है" और "जहा है जैसी है" आधार पर बेची जाएंगी। 2. उक्त अनुसूची में निर्दिष्ट सिक्योर्ड परिसंपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी के पूर्ण ज्ञान के अनुसार दर्ज किया गया है परंतु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि